**दिनांक : 07.09.2025**

## प्रेस विज्ञप्ति

## लव योर हार्ट - प्रिवेंट बिफोर डैमेज पर आयोजित विशेष गोष्ठी

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की हेल्थ एंड लाइफस्टाइल मैनेजमेंट समिति द्वारा आज एक विशेष गोष्ठी "लव योर हार्ट – प्रिवेंट बिफोर डैमेज" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे प्रो. (डॉ.) जे.पी.एस. साहनी, चेयरमैन, कार्डियोलॉजी विभाग, सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली।

गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे प्रो. (डॉ.) जे.पी.एस. साहनी, डॉ. ए.एस. प्रसाद, डॉ. अवध दुबे, डॉ. उमेश पालीवाल, चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष श्री बी. के. लाहोटी, श्री अतुल कनोडिया तथा श्री दीप गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) साहनी का स्वागत श्री अतुल कनोडिया द्वारा पटका पहनाकर किया गया। उन्होंने सभी आगंतुकों का अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा डॉ. अवध दुबे द्वारा प्रस्तुत की गई, वहीं डॉ. ए.एस. प्रसाद ने मुख्य वक्ता का परिचय देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट किया।

उन्होंने बताया कि "लव योर हार्ट – प्रिवेंट बिफोर डैमेज" का मुख्य उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य के प्रति जनजागृति फैलाना है, ताकि लोग समय रहते हृदय रोगों से बचाव के उपाय अपना सकें।

अपने उद्बोधन में प्रो. (डॉ.) जे.पी.एस. साहनी ने वर्तमान जीवनशैली की जटिलताओं और उनसे उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी दिनचर्या, अत्यधिक मानसिक तनाव, असंतुलित आहार तथा शारीरिक गतिविधियों की कमी जैसे कारणों से हृदय रोगों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि हम अपने दैनिक जीवन में कुछ सकारात्मक और सरल बदलाव अपनाएँ—जैसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन—तो हृदय रोगों की प्रभावी रोकथाम संभव है।

प्रो. साहनी ने सभी को यह सलाह भी दी कि एलडीएल (LDL) और एलपीए (Lpa) की जांच समय-समय पर करवाएं और रिपोर्ट दिखाने में विलंब न करें। ये रक्त में मौजूद ऐसे तत्व हैं जिनका असंतुलन हृदय रोगों की आशंका को बढ़ा सकता है।उन्होंने यह भी चेताया कि यदि पेट अत्यधिक निकल रहा है या वजन तेजी से बढ़ रहा है, तो यह भी एक 'खतरे की घंटी' है, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए। यह स्थिति अक्सर मेटाबॉलिक सिंड्रोम और हृदय रोगों की ओर इशारा करती है।

"Love Your Heart – Prevent Before Damage" का संदेश समाज को यह प्रेरणा देता है कि सही जानकारी और समय पर उठाए गए सही कदम ही एक स्वस्थ और सशक्त जीवन की आधारशिला बन सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसका संचालन डॉ. ए.एस. प्रसाद, डॉ. अवध दुबे और डॉ. उमेश पालीवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) साहनी को चैम्बर की हेल्थ एंड लाइफस्टाइल मैनेजमेंट समिति की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन डॉ. उमेश पालीवाल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया।

इस अवसर पर श्री नवीन खन्ना, श्री गुलशन धूपर, श्री आर. के. अग्रवाल, श्री मनीष संतवानी, श्री उमेश पांडेय, श्रीमती गीता गुप्ता, श्री सुभाष चंद्र गंगवार डॉ जय प्रकाश सहित चेम्बर के अनेक गणमान्य सदस्य, शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकगण एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

सादर अनुरोध है कि आप उक्त कार्यक्रम को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें।